e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, सोमवार, 19 अगस्त 2019, भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-12, अंक-302, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

2030 तक भारत को विद्युत ऊर्जा की कमी से मुक्त बना सकते हैं

लखनऊ। इन्स्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स यूपी स्टेट सेंटर में रविवार को भारत में 2030 तक ऊर्जा स्वतंत्रता के लिये अक्षय ऊर्जा का उपयोग विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याखान के मुख्य वक्ता डॉ. भरत राज सिंह महानिदेशक स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट सांइसेज ने बताया कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता, जो सौर ऊर्जा, पवन और जैव द्रव्यमान और गैस माध्यम के रूप मे उपलब्ध हैं। 2030 तक भारत को विद्युत ऊर्जा की कमी से मुक्त बना सकते हैं। सन 2020 तक नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने हेतु भारत सरकार ने 175 गीगा वाट अक्षय उर्जा का विद्युत दोहन कर राष्ट्रीय ग्रिड में भेजने की योजना बना रखी है। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के नेशनल कौंसिल सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष वीबी सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन मानद सचिव प्रभात किरण चौरसिया ने किया।